प्रेस नोट- थाना मिर्जापुर

जनपद शाहजहाँपुर

सराहनीय कार्य दिनांक- 29.10.2026

थाना मिर्जापुर पुलिस टीम द्वारा पॉक्सो एक्ट के अभियोग में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय, शाहजहाँपुर के निर्देशानुसार,श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण महोदया के निर्देशन में, क्षेत्राधिकारी परशुरामपुरी के पर्यवेक्षण में तथा थानाध्यक्ष मिर्जापुर के नेतृत्व में अपराधों की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, चोरी, लूट, अवैध शराब, अवैध मादक पदार्थों एवं अवैध शस्त्रों की बिक्री/निर्माण की रोकथाम तथा वांछित/वारंटी अभियुक्तों की तलाश में थाना मिर्जापुर पुलिस टीम को बड़ी सफलता प्राप्त हुई।

संक्षिप्त विवरण-

दिनांक 26.10.2026 को वादिनी द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर अभियुक्त आदित्य कुमार पुत्र श्याम सिंह निवासी ग्राम सिंगापुर, थाना मिर्जापुर, जनपद शाहजहाँपुर द्वारा वादिनी को शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने, बाद में शादी करने से मना करने तथा जान से मारने की धमकी देने एवं अभियुक्तगण जितेन्द्र पुत्र लल्लू सिंह व राहुल पुत्र जितेन्द्र सिंह निवासीगण ग्राम सिंगापुर, थाना मिर्जापुर, जनपद शाहजहाँपुर द्वारा जान से मारने की धमकी देने के संबंध में थाना मिर्जापुर पर मु०अ०सं० 221/2026 धारा 69/351(3) बीएनएस के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया था। विवेचना के दौरान पीड़िता की आयु एवं धारा 180/183 बीएनएसएस के अंतर्गत दर्ज बयानों के आधार पर अभियोग में धारा 64(1)/351(3) बीएनएस एवं 3/4(1) पॉक्सो एक्ट की वृद्धि की गई। प्रकरण की गंभीरता के दृष्टिगत अभियुक्त की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम गठित की गई थी। इसी क्रम में दिनांक 29.10.2026 को थाना मिर्जापुर पुलिस टीम क्षेत्र में गश्त, संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चेकिंग एवं वांछित अभियुक्तों की तलाश में मामूर थी। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त आदित्य कुमार को मिर्जापुर चौराहे के पास से समय करीब 09:25 बजे हिरासत पुलिस में लिया गया। अभियुक्त के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

अभियुक्त का विवरण-

आदित्य कुमार पुत्र श्यामसिंह निवासी सिंगापुर थाना मिर्जापुर जनपद शाहजहाँपुर,(उम्र 24 वर्ष)

पंजीकृत अभियोग का विवरण-

मु0अ0सं0-221/2026 धारा 64(1)/351(3) बी0एन0एस0 व 3/4(1) पॉक्सो एक्ट , थाना मिर्जापुर जनपद शाहजहाँपुर ।

गिरफ्तारी का दिनाँक,समय व स्थान का विवरण-

दिनांक-29.10.2026, समय करीब 09.25 बजे, मिर्जापुर चौराहे के पास ,

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1. थानाध्यक्ष मनोज कुमार, थाना मिर्जापुर शाहजहाँपुर ।
2. व0उ0नि0 सुनील कुमार, थाना मिर्जापुर शाहजहाँपुर ।
3. का0 अभिषेक, थाना मिर्जापुर शाहजहाँपुर ।
4. म0आ0 मनु शर्मा, थाना मिर्जापुर जनपद शाहजहाँपुर ।
5. म0आ0 सीलम, थाना मिर्जापुर जनपद शाहजहाँपुर ।